an>

Title: Need to rename AIIMS, Jodhpur as Bhakt Shromani Meerabhai All India Institute of Medical Sciences, Jodhpur.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** अध्यक्ष महोदया, भक्तशिरोमणी मीराबाई के पद और उनकी कृष्ण भक्ति देश भर के ऐसे अनेक सूत्रों में से एक है, जिसने इस देश को अखण्डता और एकता के सूत्र में बांधा है। माननीय अटल बिहारी वाजपयी जी जब प्रधानमंत्री थे, उन्होंने देश भर को छह एम्स की सौगात दी थी। उसमें से एक एम्स जोधपुर को भी मिला था। महोदया, जब उस एम्स का शिल्यान्यास हुआ था, तब यह तय किया गया था और उस शिल्यान्यास पट्टिका पर यह लिखा गया था कि इस एम्स का नामकरण भक्त शिरोमणी मीराबाई अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर होगा जो आज भी उस पट्टिका पर लिखा हुआ है। लेकिन राजनीतिक विद्वेश के चलते जब इस एम्स का उद्घाटन हुआ, उस वक्त भक्तशिरोमणी मीराबाई नाम उसमें से हटा दिया गया और उसका नाम सिर्फ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर कर दिया गया। मैंने पूर्व में भी माननीय चिकित्सा मंत्री जी को इसके लिए पत्र लिखा था। मैं पुनः आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान इसके लिए आकृष्ट करते हुए, आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि इस बारे में तुरंत कार्यवाही हो ताकि लाखों लोगों की जो भावनाएं आहत हुई हैं, उनको राहत मिले और भक्त शिरोमणी मीराबाई जी के नाम से एक बार संस्थान बनने के बाद से उनका जो नाम हटाया गया है, उसको तुरंत दुरस्त किया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री सी.आर. चौधरी एवं

श्री देवजी एम. पटेल को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।